**फा. सं. ई-11017/5/2020 रा.भा. (35168)**
**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**राजभाषा अनुभाग**
******

कृषि भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 03 फरवरी, 2026

**विषय: सरकारी कामकाज में मूल रूप से टिप्पण आलेखन हिंदी में करने के लिए वार्षिक प्रोत्साहन योजना वर्ष 2025-26 से लागू करने के संबंध में।**

उपर्युक्त विषय पर पशुपालन और डेयरी विभाग के दिनांक 7 जुलाई, 2025 के समसंख्यक पत्र का संदर्भ लें, जिसमें राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय के दिनांक 14 सितंबर, 2016 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 12013/01/2011- रा.भा. (नीति) के अनुसरण में विभाग में वर्ष 2025-26 के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सरकारी कामकाज में मूलरूप से टिप्पण आलेखन हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन योजना लागू की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान फाइलों/रजिस्टरों व पत्राचार में 20,000 या उससे अधिक शब्द हिंदी में लिखे जाने अपेक्षित हैं। इस योजना में भाग लेने वाले पात्र कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार निम्नानुसार प्रदान किए जाएंगे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | (2 पुरस्कार) | : | 5,000/- रु. प्रत्येक |
| द्वितीय पुरस्कार | (3 पुरस्कार) | : | 3,000/- रु. प्रत्येक |
| तृतीय पुरस्कार | (5 पुरस्कार) | : | 2,000/- रु. प्रत्येक |

2. अतः अनुरोध है कि विभाग में कार्यरत वे सभी अधिकारी/कर्मचारी जो अपना सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी में करते हैं, पुरस्कार हेतु अपने द्वारा वर्ष 2025-26 (01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026) के दौरान किए गए कार्य का ब्यौरा निर्धारित संलग्न प्रपत्र में, प्रमाणित दस्तावेज सहित अपने नियंत्राणाधीन अधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को भिजवाएंगे। इस प्रोत्साहन योजना में भाग लेने वाले तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, उड़िया और असमिया भाषा कार्मिकों को प्राप्त अंकों में 20 प्रतिशत अंकों का लाभ दिया जाएगा।

3. इस योजना में भाग लेने वाले कार्मिकों के पुरस्कारों का निर्णय विभाग द्वारा गठित निर्णायक समिति हिंदी कार्यों के मूल्यांकन एवं प्राप्त दस्तावेजों की जांच के उपरांत करेगी। साथ ही, अग्रेषित करने वाले अधिकारी विषय-वस्तु को ध्यान में रखकर केवल वांछित दस्तावेज भेजना सुनिश्चित करेंगे।

3/2/26

संलग्नक: प्रपत्र।

(स्वाति मेल्टी)
उप-निदेशक (रा.भा.)

जारी......

मधु

**नोट: केंद्र सरकार की इस योजना का उद्देश्य प्रोत्साहन के माध्यम से राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देना है। अतः सभी अनुभागाध्यक्ष इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें।**

**वितरण:**

1. मुख्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी
2. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
3. अनुभाग अधिकारी (आई-टी) को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:-**

संयुक्त सचिव (रा.भा.): सूचनार्थ

मधु

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**हिंदी में किए गए कार्यों का ब्यौरा रखने हेतु प्रपत्र (वर्ष 2025-26)**

**(मास के अनुसार विवरण भरें)**

| नाम: | पदनाम: |
|---|---|
| अनुभाग: | मातृभाषा: |

| क्र.सं. | मास | फाइल संख्या/ रजिस्टरों के शीर्षक जिसमें हिंदी में काम किया गया | कार्य का विवरण (इस विवरण में टिप्पण/प्रारूपण रजिस्टर में एंट्री आदि को शामिल किया जा सकता है) | शब्दों की संख्या | स्वयं सत्यापित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अप्रैल 25 | | | | |
| 2. | मई 25 | | | | |
| 3. | जून 25 | | | | |
| 4. | जुलाई 25 | | | | |
| 5. | अगस्त 25 | | | | |
| 6. | सितंबर 25 | | | | |
| 7. | अक्टूबर 25 | | | | |
| 8. | नवंबर 25 | | | | |
| 9. | दिसंबर 25 | | | | |
| 10. | जनवरी 26 | | | | |
| 11. | फरवरी 26 | | | | |
| 12. | मार्च 26 | | | | |

**प्रतिभागी अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर**

मोबाइल नंबर-

**प्रमाण-पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री/श्री.............................पदनाम................................ जिनकी मातृभाषा..............है और.....................अनुभाग में कार्यरत हैं, द्वारा दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक हिंदी में किए गए सरकारी कार्य का प्रस्तुत ब्योरा सही है। इनके द्वारा हिंदी में किए गए कार्य का मिलान अनुभाग में उपलब्ध रिकॉर्ड/फाइलों/रजिस्टरों आदि से कर लिया गया है।

**प्रभारी/नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर (मोहर सहित)**

नाम और पदनामः

मोबाइल नंबरः

मधु